हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 6 मार्च 2024

11 31 मार्च तक गांव-गांव जाकर जल की गुणवता जांचेगी मोबाइल लैब



12 सड़क के गड्ढे भरने व सीवरेज ढक्कन लगाए ऊंचे-नीचे, डीसी से मिले लोग



## बाइक के आगे नीलगाय आने से युवक की मौत, चचेरा भाई घायल

**मंडी अटेली।** थाना क्षेत्र अटेली में सोमवार रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस बारे में थाना अटेली एएसआई कुलदीप ने बताया कि गांव बोचड़िया निवासी 19 वर्षीय योगेश अपने चचेरे भाई विक्की के साथ बाइक पर कन्यादान करवाने के लिए गया था। कन्यादान करवाने के बाद रात करीब नौ बजे दोनों भाई वापस अपने गांव की ओर लौट रहे थे। रास्ते में अटेली के पास अचानक उनकी बाइक के सामने एक नीलगाय आ गई। जिसके कारण बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को नागरिक अस्पताल लेकर आई। जहां चिकित्सक ने योगेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि विक्की को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। योगेश अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था।

# भाजपा से अब 3 नाम, सीट जजपा के खाते में भी जाने की चर्चाओं ने पकड़ा जोर

सतीश सैनी ▶▶| नारनौल

### पुराने भाजपाई का अंदरूनी दर्द : उम्मीदवार के रूप में मिले दूसरा विकल्प

भाजपा में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को अलवर से टिकट मिल गई है। ऐसे में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह, पूर्व सांसद सुधा यादव व नांगल चौधरी विधायक डा. अभयसिंह यादव दौड़ में है। राजस्थान में जिस तरह से टिकट वितरण भाजपा ने किया, वहीं सोच से अगर यहां काम किया गया तो ऐसा चेहरा भी सामने आ सकता है जो अभी तक दौड़ में ही दिखाई नहीं दे रहा। वहीं पुराने भाजपाईयों का दर्द भी अब अंदरूनी तौर पर झलकने लगा है। उनका तर्क है कि उम्मीदवार के रूप में दूसरा विकल्प मिले तो ओर भी बेहतर परिणाम सामने आ सकते है। यहां के भाजपाईयों का अंदरूनी मत है कि 10 साल सांसद रहते हुए चौधरी धर्मवीर सिंह कार्यकर्ताओं के बीच नहीं रहे। ना ही केंद्र की कोई बड़ी एक भी योजना जिला को सौगात के तौर पर दिला पाए। भाजपाई नाराजगी को जगजाहिर नहीं कर रहे है। हां, अपना पक्ष जरूर पार्टी के शीर्ष नेताओं तक पहुंचा रहे है।

### छह माह से सक्रिय पिता-पुत्र-माता

दूसरी बात, भाजपा-जजपा गठबंधन अगर निभाना है तो भाजपा को एक या दो सीट जजपा को देनी होगी। ऐसी चर्चाओं के बीच हिसार या भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट जजपा को देने की बात होने लगी है। हिसार सीट की बात करें तो नौ विधानसभा आती है। इसमें जींद व हिसार जिला की चार-चार और भिवानी जिला की एक विधानसभा सीट है। फिलहाल उचाना कलां, उकलाना, नारनौंद व बरवाला सीट पर जजपा विधायक है। पांच सीट आदमपुर, हांसी, हिसार, नलवा व बवानीखेड़ा पर भाजपा विधायक है। गठबंधन होते हुए भी हिसार भाजपा सांसद बृजेंद्रसिंह व उनके पिता चौधरी बिरेंद्र सिंह खुलेआम जजपा पार्टी से गठबंधन का विरोध कर रहे है। ऐसे में अगर विरोध के सुर ज्यादा उग्र हुए तो भाजपा जजपा को भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट दे सकती है। इसी राजनीति आशंका को ही शायद जजपा पहले भांप चुकी। यहीं वजह है कि पिछले पांच-छह माह से भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, उनके पिता अजय सिंह चौटाला व मां नैना चौटाला और भाई दिग्विजय चौटाला सक्रिय है।

### इस सीट का अतीत

जाट और यादव मतदाताओं के प्रभाव वाली हरियाणा की भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट बेहद खास मानी जाती है। इस लोकसभा सीट के अंतर्गत भिवानी, दादरी, बारड़ा, तोशाम, लोहारू, अटेली, महेंद्रगढ़, नारनौल व नांगल चौधरी समेत नौ विधानसभा क्षेत्र है। भिवानी जिले में जहां जाट मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहीं महेंद्रगढ़ जिले के यादव मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। पुरानी भिवानी लोकसभा सीट 1977 में वजूद में आई थी। पहली बार जनता पार्टी की चंद्रावती ने इस सीट पर बंसीलाल जैसे दिग्गज कांग्रेसी नेता को हराया। इसके बाद 1980 व 1984 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के बंसीलाल ने लगातार जीत दर्ज की। साल 1999 में यहां से इनेलो के अजय चौटाला और 2004 में कांग्रेस के कुलदीप बिश्नोई ने बाजी मारी। साल 2008 में इस सीट का अस्तिव खत्म कर दिया गया। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर जाट नेता धर्मबीर सिंह ने यहां से इनेलो प्रत्याशी राव बहादुरसिंह को 129394 से हराकर शानदार जीत दर्ज की थी। धर्मबीर सिंह को कुल 404542 वोट मिले थे। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी श्रुति चौधरी तीसरे स्थान पर रही थी। हालांकि 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की श्रुति चौधरी ने इनेलो नेता अजय चौटाला को हराकर जीत हासिल की थी।

## खबर संक्षेप

### शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा 6 को व कुश्ती दंगल 8 को

**मंडी अटेली।** शिव मंदिर फतेहपुर में मूर्ति प्रतिष्ठा एवं भंडारा छह मार्च का मंदिर परिसर में होगा। उसी दिन कलश यात्रा व शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा अटेली के नया बस स्टैंड, पुराना अड्डा होते हुए झंडा चौक से नांगल बैरियर से फतेहपुर मंदिर में पहुंचेगी। कमेटी प्रधान रामप्रताप ने बताया कि 7 मार्च को भंडारा व कीर्तन, आठ मार्च को शिवरात्रि के मौके पर कुश्ती दंगल का भी आयोजन होगा।

### राधा कृष्ण मंदिर में श्याम पदयात्री शिविर 10 मार्च से

**मंडी अटेली।** श्री श्याम प्रचार मंडल अटेली की ओर से श्याम पदयात्रियों के लिए राधा कृष्ण मंदिर में 10 मार्च से 17 मार्च तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रधान विपिन दुर्गा व प्रचारक चमन गोयल ने बताया कि शिविर में श्याम पदयात्रियों के ठहरने, विश्राम करने सहित मेडिकल की विशेष सुविधा भी रहेगी।

### प्राइवेट प्ले स्कूल के पंजीकरण 15 तक

**नारनौल।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिले में प्राइवेट प्ले स्कूल के पंजीकरण के लिए अब 15 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। पहले इसकी अंतिम तिथि एक मार्च थी। महिला एवं बाल विकास अधिकारी संगीता यादव ने बताया कि प्राइवेट प्ले स्कूलों के पंजीकरण के लिए इच्छुक व्यक्ति 15 मार्च तक किसी भी कार्य दिवस को सुबह नौ से शाम 5 बजे तक कार्यालय में आवेदन जमा करवा सकते हैं।

### एटीएम कार्ड बदल निकाली राशि, केस

नारनौल। गांव से शहर में पैसा निकलवाने व्यक्ति एटीएम बूथ पर आया। उस वक्त धोखे से व्यक्ति का एटीएम कार्ड अज्ञात व्यक्ति ने बदल लिया। बाद में खाता से पैसा कट गया। गांव हसनपुर वासी ओमप्रकाश ने बताया है कि वह दोपहर करीब दो बजे शहर में एसडीएफसी बैंक के एटीएम बूथ में पैसे निकालने के लिए पहुंचा था। तभी एक व्यक्ति अंदर आया व धोखे से एटीएम बदल लिया।

## झुलसे व्यक्ति का रोहतक पीजीआई में चल रहा था इलाज

# आग में झुलसे तीसरे व्यक्ति की मौत, मालिक पर केस दर्ज

29 फरवरी की रात अनाज मंडी में बिनौला खल गोदाम में लगी थी आग, घटना के समय गोदाम में सो रहे पांच मजदूरों में से दो की मौके पर हो गई थी मौत, झुलसे 3 में से एक और ने तोड़ा दम



नारनौल। आग लगने के बाद गोदाम का दृश्य। फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर की अनाज मंडी में खल बिनौला गोदाम में 29 फरवरी को आगजनी में झुलसे तीसरे व्यक्ति ने भी दम तोड़ दिया है। इस घटनाक्रम के बाद मृतक के परिजनों ने गोदाम मालिक के खिलाफ शिकायत दी। शिकायत के आधार पर सिटी पुलिस थाना ने गोदाम मालिक शिव कुमार के खिलाफ आईपीसी की धारा 304-ए के तहत केस दर्ज किया है। वहीं परिजन मृतक का शव लेकर मंगलवार देर शाम रोहतक से नारनौल पहुंचे। बुधवार सुबह मृतक का अंतिम संस्कार होगा।

गांव मूसनौता वासी रामनिवास ने सिटी थाना में शिकायत दी है। उसने बताया है कि दो भाई व दो बहन है। छोटा भाई महेश खल-बिनौला गोदाम पर नारनौल में काम करता था। जो यह गोदाम अनाज मंडी में है। यह गोदाम शिव कुमार का है। वहां गोदाम में 29 फरवरी की रात भाई महेश सो रहा था। रात करीब डेढ़ बजे बिजली के शार्ट सर्किट से गोदाम में आग लग गई। गोदाम में कुलदीप वासी जीनगौर कोटपुतली व राम दुति वासी बदिया बिहार भी भाई के साथ सो रहे थे।

### कारणों का अभी तक नहीं हुआ खुलासा

28 फरवरी की रात को अनाज मंडी स्थित खल-बिनौले की दुकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई थी, जिसमें दम घुटने पर दो मजदूरों की मौत हो गई थी, जबकि एक मजदूर झुलस गया और दो अन्य ने भागकर जान बचाई थी। इसी हादसे में व्यापारी चंद्रशेखर मित्तल का करीब 25 लाख रुपये का नुकसान हो गया था और दुकान की भी क्षति हुई थी। अब उसी मामले में झुलसे मजदूर की मौत हो गई है, जबकि स्वयं पीड़ित दुकानदार जिला प्रशासन एवं सरकार के पास नुकसान की भरपाई के लिए आर्थिक मदद की गुहार लगा रहा है।

### तेज थी आग की लपटे

आग काफी तेज लग गई थी। इस कारण भाई के सोए हुए कपड़ों में आग पकड़ गई। भाई का शरीर जल गया। वहां से किसी ने एंबुलेंस से नागरिक अस्पताल में दाखिल करवा दिया। जहां चिकित्सकों ने आगजनी में झुलसे भाई को प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया। वहां अस्पताल में भाई का इलाज चला। जहां चार मार्च को इलाज के दौरान भाई महेश की मौत हो गई। भाई के साथी राम दुरिवत व कुलदीप की उसी दिन मौत हो गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया है कि भाई की मौत का जिम्मेवार शिव कुमार पुत्र हंसराज वासी अग्रसेन चौक है। इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।




महेंद्रगढ़। प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आए विशेषज्ञ कुलपति के साथ। फोटो: हरिभूमि।

# हकेंवि में चार दिवसीय रुबिकॉन बार्कले प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरूआत

- तीन हजार से अधिक विद्यार्थियों को व्यवसाय प्रबंधन में किया जाएगा प्रशिक्षित
- कार्यक्रम में वर्कशॉप, सेमिनार और इंटरेक्टिव सत्रों का किया जाएगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में रुबिकॉन बार्कले प्रशिक्षण कार्यक्रम की मंगलवार को शुरूआत हो गई। आठ मार्च तक चलने वाले इस चार दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को समकालीन व्यापार परिदृश्य में कार्य करने के लिए आवश्यक कौशल संपन्न बनाना है। विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रमुख रूप से स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी व व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन के 300 से अधिक विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करना है।

विश्वविद्यालय में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में रुबिकॉन से अरुनीस रावत, अनुभव शर्मा, दिगंबर सिंह और मनीष पांडेय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित हैं। मंगलवार को सभी विशेषज्ञों का स्वागत कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार द्वारा किया गया और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. आकाश सक्सेना, उपनिदेशक डॉ. दिव्या और डॉ. तरूण कुमार भी उपस्थित रहे। प्रो. आकाश सक्सेना ने बताया कि रुबिकॉन बार्कले प्रशिक्षण कार्यक्रम में विविध वर्कशॉप, सेमिनार और इंटरेक्टिव सत्रों का आयोजन किया जाता है। जिसके माध्यम से प्रतिभागियों में रचनात्मकता, समस्या समाधान क्षमता, और उद्यमिता को पोषित करने में मदद मिलती है। डॉ. दिव्या ने कहा कि अवश्य ही इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुभवी पेशेवरों, सफल उद्यमियों और उद्योग के विशेषज्ञों के साथ सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा। इस कार्यक्रम के समन्वय का कार्य विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के डॉ. अमित कुमार, डॉ. भूषण कुमार, डॉ. तरुण कुमार और डॉ. सुमित सैनी द्वारा किया जा रहा है।

## कार बाइक की टक्कर, दो की मौत, एक घायल

- बाइक पर सवार थे रोहित, अंकित व नीरज, हादसे में अंकित व नीरज की मौत, पुलिस ने दर्ज किया केस

**महेंद्रगढ़।** गांव आकोदा में बाबा साध सेवा समिति आकोदा के पास पीछे से एक गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार दो युवक की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपकर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गांव जावा निवासी रोहित ने बताया कि वह गांव में लकड़ी का काम करता है। चार मार्च की शाम वह गांव के बस स्टैंड पर महेंद्रगढ़ के गांव सिसोठ जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था। कुछ समय बाद गांव के अंकित व नीरज दिखाई दिए तथा उन्हे सिसोठ चलने को कहा। रात करीब साढ़े 9 बजे बाबा साध सेवा समिति शिविर आकोदा के पास पहुंचे तो, पीछे से आ रहीं गाड़ी ने उन्हे टक्कर मार दी। जिससे तीनों सड़क पर गिर गए तथा बाइक गाड़ी में फंस गई। पुलिस व आसपास के लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल अंकित व नीरज को मृत घोषित कर दिया। रोहित को प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। उसके परिजन उसे महेंद्रगढ़ के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां वह उपचारधीन है। रोहित ने पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आपसी विवाद में बेटे ने पिता को मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव सिसोठ में आपसी कहासुनी में एक बेटे ने पिता को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर आरोपित बेटे पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

गांव सिसोठ निवासी रामकला ने बताया कि उसके एक लड़का व दो लड़की हैं। उसका लड़का राजेंद्र शाम सात बजे ड्यूटी से घर पर आया था, तब उसकी व पति रामकिशन की घरेलू बात पर कहासुनी हो गई थी। उसके लड़के ने अपने पिता को धमकाया, तब पति रामकिशन ने लड़के के बायां हाथ का अंगूठा काट लिया और घर में रखी लोडी पत्थर उठाकर सिर पर मारी। इसी घुसे में लड़के राजेंद्र ने पत्थर लोडी से अपने पिता के मुंह व सिर पर चोटें मारी। करीब दस चोटों की वजह से पति रामकिशन बेहोश होकर घर के आंगन में ही गिर गया। इसके बाद पति रामकिशन को बेहोशी की हालात में उठाकर नागरिक अस्पताल ले कर आए, जहां चिकित्सकों ने पति रामकिशन को मृत घोषित कर दिया। सदर थाना पुलिस ने रामकला की शिकायत पर बेटे राजेंद्र के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।



### मौके पर पहुंचे एसपी व डीएसपी

रामकिशन की मौत के बाद एसपी अर्श कुमार व डीएसपी जमाल खान घटनास्थल और अस्पताल में पहुंचे। वहां पर पुलिस अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया। मंगलवार को नागरिक अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है तथा पुलिस आगामी कार्रवाई में लगी हुई है।

## नौकरी के नाम पर ठगे 27.90 लाख, काबू

- बेटे को एसएससी में नौकरी लगवाने का दिया झांसा

**कनीना।** नौकरी लगवाने के नाम पर करीब 27.90 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में आर्थिक अपराध जांच शाखा पुलिस ने मुख्य आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिसकी पहचान सतपाल वासी दिनोद जिला भिवानी हाल आबाद निहाल विहार दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को निहाल विहार दिल्ली क्षेत्र से गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया। गांव भोजावास निवासी सतबीर ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का कार्य करता है। वर्ष 2022 में उसकी मुलाकात सतपाल वासी वार्ड नंबर 14 लोधी पन्ना मोहल्ला गांव दिनोद भिवानी से अनजाने में हुई थी। उसने बताया था कि वह ऊंची पहुंच वाला आदमी है, कोई पढ़ा लिखा लड़का है तो वह उसको नौकरी लगवा सकता है, जिसकी एवज में पैसे देने होंगे। आरोपी स्कूटी पर गांव भोजावास गया व मेडिकल की दुकान पर उससे मिला। सात लाख रुपये में उसके बेटे को एसएससी में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। उससे नौकरी लगवाने के नाम पर 10.40 लाख रुपये ले लिए गए। आरोपित व्यक्ति ने शिकायतकर्ता सहित पांच अन्य व्यक्तियों से नौकरी लगवाने के नाम पर कुल 27.90 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू की थी। पुलिस अधीक्षक ने केस की जांच आर्थिक अपराध जांच शाखा पुलिस टीम को सौंपी थी। जिसे काबू कर रिमांड पर लिया गया है।

## लखपति दीदी सम्मेलन आज, पीएम-सीएम का संबोधन

- पीएम-सीएम के संबोधन के अलावा दिनभर चलेगा ट्रेनिंग सेशन
- विधायक डॉ. अभय सिंह नांगल चौधरी व सीताराम अटेली के कार्यक्रम में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। लखपति दीदी महासम्मेलन की तैयारियों में जुटे कर्मचारी।

जिला व खंड स्तर पर छह मार्च को होने वाले लखपति दीदी महासम्मेलन के लिए प्रशासन ने सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली है। जिला स्तर पर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव मुख्य अतिथि होंगे। विधायक डा. अभय सिंह यादव नांगल चौधरी तथा विधायक सीताराम यादव अटेली में आयोजित खंड स्तर के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।

डीसी मोनिका गुप्ता ने बताया कि छह मार्च को मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल में होने वाले राज्य स्तरीय लखपति दीदी महासम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लखपति दीदी महासम्मेलन के दौरान देश भर की स्वयं सहायता समूह के सदस्यों व नागरिकों को लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए संबोधित करेंगे। डीसी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का देशभर में सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसी प्रकार हरियाणा में करनाल से इसका सीधा प्रसारण रहेगा।

इस दौरान नागरिकों को ड्रोन के माध्यम से फसलों में दवाई व नैनो यूरिया के छिड़काव करने के तरीके के बारे में जानकारी दी जाएगी। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के संबोधन के बाद दिनभर कई ट्रेनिंग सेशन भी चलेंगे। इसमें लखपति दीदी आजीविका योजना, आर्थिक प्रबंधन तथा व्यवसाय विकास योजना और वैधानिक आवश्यकताएं विषयों पर स्वयं सहायता समूह को जानकारी दी जाएगी।

## 11 लाख रुपये के 56 मोबाइल किए ट्रेस, मालिकों को लौटाए

# साइबर टीम: 2 माह मे खोजे लाखों के 56 मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। मालिकों को उनके मोबाइल फोन लौटाते एसपी अर्श वर्मा। फोटो : हरिभूमि

जिले की साइबर सेल टीम जहां अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने में अहम भूमिका निभा रही है। वहीं साइबर सेल पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर पिछले दो माह में आमजन के गुम हुए करीब 11 लाख रुपये कीमत के 56 मोबाइल फोन को ढूंढ कर सराहनीय कार्य किया है। साइबर सेल की टीम ने गुम हुए मोबाइल फोन के मामलों की जांच करते हुए अलग-अलग स्थानों से उन व्यक्तियों को ट्रेस किया, जो उक्त गुम फोन को लावारिस हालात में मिलने के उपरांत यूज कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को उक्त मोबाइल फोन के मालिकों को कार्यालय में बुलाकर एसपी अर्श वर्मा ने सौंप दिए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पुलिस का आभार जताया। वहीं मोबाइल फोन ढूंढने में अहम भूमिका निभाने वाली साइबर सेल की टीम की प्रशंसा की।

इस अवसर पर एसपी अर्श वर्मा ने कहा कि पुलिस की साइबर सेल टीम का यह एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि जहां मोबाइल फोन मालिकों को उनके मोबाइल फोन मिलने की खुशी है। वहीं उनके मोबाइल फोन अपराधी किस्म के लोगों के हत्थे चढ़ने से भी बचे हैं। उन्होंने कहा कि साइबर सेल की टीम लगातार गुम मोबाइल्स की मॉनिटरिंग करती है, इसी के परिणाम स्वरूप ही काफी समय पहले खोया हुआ मोबाइल भी पुलिस टीम ने किया है। एसपी ने आमजन से आह्वान किया कि वे अपने मोबाइल फोन को पूरी तरह सुरक्षित रखें और किसी अनजान व्यक्ति को ना सौंपे, ताकि अपराधी किस्म के लोग उनका फायदा न उठा पाएं। उन्होंने कहा कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत उसकी तुरंत गुमशुदगी रिपोर्ट ऑनलाइन दर्ज करवाएं, ताकि उसका गलत इस्तेमाल ना हो तथा जल्द से जल्द उसे महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर ढूंढा जा सकें।

एसपी अर्श वर्मा ने कहा कि किसी व्यक्ति के फोन गुम होने की शिकायत मिलने पर पुलिस की तरफ से गुम फोन को ढूंढने का हर संभव प्रयास किया जाता है। साइबर सेल टीम ऐसी शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए आधुनिक तकनीक की सहायता से ट्रेस करती है। तकनीक का इस्तेमाल करते हुए, पुलिस निरंतर गुम फोन को ढूंढ रही है। टीम तकनीक का इस्तेमाल करते हुए गुम, चोरी हुए फोन का पता लगाने के लिए इनके एक्टिवेट होने तक लगातार ट्रैक करती रहती है। साइबर सेल की पुलिस टीम ने मोबाइल दूसरे राज्यों से भी बरामद किए है, जिनमें अलग-अलग ब्रांडेड कंपनियों के मोबाइल शामिल हैं।



## सारा स्टारर मर्डर मुबारक का ट्रेलर आया सामने

**मुंबई।** फिल्म मर्डर मुबारक का टीजर जब रिलीज हुआ था तो उसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। दर्शकों को ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार था, जो अब रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत होती है एक क्लब से, जिसमें पंकज त्रिपाठी का वॉइस ओवर आता है द रॉयल दिल्ली क्लब जिसे ब्रिटिश ने बनाया था, ब्रिटिश के लिए। अब अंग्रेज चले गए और छोड़ गए ये मेंबर्स जो अंग्रेज से ज्यादा अंग्रेज हैं। इस दौरान क्लब के हैप्पी मोमेंट्स दिखाए जाते हैं, जहां सारा अली खान डांस करती दिखती हैं।



## बस्तर का दहलाने वाला ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह, सुदीप्तो सेन और अदा शर्मा की अगली फिल्म 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस ट्रेलर ने लोगों के एक्साटइमेंट को और भी बढ़ा दिया है। सुदीप्तो सेन के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' के 2 मिनट और 35 सेकंड के इस ट्रेलर में अदा शर्मा फिर से अपने बेजोड़ अंदाज में दिख रही हैं। इस ट्रेलर की शुरुआत में कुछ दिल दहला देने वाली झलकियां हैं और कहा जा रहा है कि इंडियन नक्सली आईएसाईएसआई और बोको हरम के बाद दुनिया का तीसरा सबसे खतरनाक आतंकवादी संगठन है।




## क्रू के गाने पर तब्बू, करीना और कृति ने बिखेरे रंग

**मुंबई।** इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्म क्रू का पहला ट्रैक 'नैना' रिलीज हुआ है। इस म्यूजिक वीडियो में फिल्म की तीनों लीड एक्ट्रेसेस तब्बू, करीना और कृति काफी ग्लैमरस दिख रही हैं, जिनके इर्द-गिर्द फिल्म की पूरी कहानी दर्शकों को खूब एंटरटेन करने वाली है। फिल्म का ये गाना दिलजीत दोसांझ और बादशाह ने मिलकर तैयार किया है। अपने अनोखे अंदाज और बेमिसाल स्वैग के लिए जाने जाने वाले, दिलजीत और बादशाह ने 'नैना' को अपने धमाकेदार एनर्जी और कैची बीट्स से भर दिया है, जिसके लिए वे खासकर जाने भी जाते हैं।



## नए प्रोजेक्ट से आमिर का भयानक लुक वायरल

**मुंबई।** आमिर खान के फैंस उनकी अपकमिंग मूवी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच उनकी कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जो थोड़ी सी अजीब हैं। इन फोटोज ने फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। 'तारे जमीन पर' में ईशान अवस्थी का किरदार निभाने वाले चाइल्ड आर्टिस्ट दर्शील सफारी भी उनके साथ नजर आ रहे हैं। दोनों 16 साल बाद फिर से काम कर रहे हैं। वायरल फोटो में आमिर के हाथ में कुछ है। उनका लुक हैरान कर देने वाला है। बाल लंबे और बिखरे हुए हैं। ऐसा लग रहा है कि चेहरे पर गंदगी लगी है। दांत भी काले और गंदे हैं।

लाइफ Style

# कियारा

## आसमान छू रही फीस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने इंडस्ट्री को कई हिट फिल्में दी हैं। इसके चलते इनकी कीमतें बढ़ गई हैं। अरे आपने क्या समझा, हमारे कहने का मतलब है कि उन्होंने आने वाली फिल्म 'डॉन 3' के लिए अपनी फीस बढ़ा दी है। हालांकि, अभी तक इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

फिल्म में रणवीर सिंह एक डॉन की भूमिका में नजर आने वाले हैं। पहली डॉन में अमिताभ बच्चन थे, दूसरी फिल्म में शाहरुख खान थे, अब कमान रणवीर सिंह ने अपने हाथ में ले ली है। कियारा आडवाणी को लेकर खबर है कि वह 'डॉन 3' में अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीतने वाली हैं। साथ ही वह मेकर्स की धड़कनें भी बढ़ा रही हैं क्योंकि सूत्रों के हवाले से खबर आई है कि वह अपनी फीस बढ़ा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स ने फिल्म के लिए दो एक्ट्रेस के नाम शॉर्टलिस्ट किए हैं, कियारा का नाम रणवीर ने इसलिए दिया है क्योंकि उनके बीच अच्छी आपसी बॉन्डिंग है।

मिली जानकारी के मुताबिक कियारा 'डॉन' फ्रेंचाइजी की 'डॉन 3' के लिए 13 करोड़ रुपए चार्ज कर रही हैं। बता दें कि यह फीस ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' के लिए ली गई फीस से 50 फीसदी ज्यादा है। ऐसे में अब कहा जा सकता है कि एक्ट्रेस अपनी फीस 50 फीसदी तक बढ़ाने जा रही हैं। किराया और रणवीर सिंह स्टारर 'डॉन 3' साल 2025 में आएगी। इसकी शूटिंग 2025 में शुरू होगी। इस फिल्म का इंतजार लोगों को लंबे समय से था। लेकिन वह इसमें शाहरुख खान की उम्मीद कर रहे थे, जो कि पॉसिबल नहीं हुआ।



## हॉलीवुड मसाला



## ट्रोमी संग वायरल हुईं तस्वीरें

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड सिंगर जो जोनस इस समय अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। जो जोनस इन दिनों स्ट्रोमी बी को डेट कर रहे हैं। इस रयूमर्ड कपल को अक्सर एक-साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करते देखा गया है। अब एक बार फिर इस रयूमर्ड कपल की कुछ तस्वीरें सामने आईं हैं। कपल अमेरिका के सिडनी में क्वालिटी टाइम स्पेंड करते दिख रहा है। लुक की बात करें तो जो जोनस ब्लू टी-शर्ट और रिप्ड जींस में हैंडसम लग रहे हैं।



## रयूमर्ड बॉयफ्रेंड संग डेट पर निकलीं सोफी

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस सोफी टर्नर इन दिनों पेरेग्रीन पियर्सन को डेट कर रही हैं। अक्सर इस कपल को आउटिंग के दौरान स्पॉट किया जाता है। हाल ही सोफी को पेरेग्रीन पियर्सन को साथ पेरिस के एक रेस्टोरेंट के बाहर देखा गया। इस दौरान सोफी ने ब्लैक ओवर कोट पेयर किया था जिसमें वह स्टाइलिश लग रही थीं। मिनिमल मेकअप सोफी के लुक को परफेक्ट बना रहा था। सोफी संग पेरेग्रीन का नाम उस समय जुड़ा था जब दोनों की कोजी तस्वीरें सामने आईं ती। तस्वीरों में दोनों पेरिस के सड़क के बीचों बीच लिपलॉक करता दिखा था। बता दें कि पेरेग्रीन पियर्सन का पूरा नाम पेरेग्रीन जॉन डिकिंसन पियर्सन है लेकिन उन्हें पेरी कहा जाता है। वह 29 साल ब्रिटिश यंगस्टर हैं, जो एक अमीर परिवार से आते हैं।



## महारानी 3 ओटीटी पर कल होगी स्ट्रीम

**मुंबई।** आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। सोनी लिव पर जल्द ही हुमा कुरैशी की महारानी 3 स्ट्रीम होने वाली है। जी हां नए सीजन में धमाकेदार एक्शन के साथ दमदार कहानी दर्शकों का दिल जीत लेगी। फैंस महारानी के अपकमिंग सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दरअसल महारानी के बाकी 2 सीजन सोनी लिव पर ही आए थे। ऐसे में तीसरा सीजन भी यहीं आएगा। सोनी लिव ने लिखा, बंदूक कमजोर लोग चलाते हैं, समझदार लोग दिमाग! महारानी 3 में रानी का बदला देखें। महारानी 3, 7 मार्च को स्ट्रीम होगी। 'महारानी' 2021 में शुरू हुई एक हिंदी भाषा की ड्रामा स्ट्रीमिंग टेलीविजन सीरीज है, जो सुभाष कपूर की ओर से बनाई गई है। शो में हुमा कुरेशी मुख्य भूमिका में हैं, जिसमें सोहम शाह, अमित सियाल, कानी कुसरुति और इनामुलहक जैसे कलाकार शामिल हैं।



## एडवांस बुकिंग में 'शैतान' को मिला शानदार रिस्पॉन्स

**मुंबई।** अजय देवगन की फिल्म 'शैतान' रिलीज होने वाली है। फिल्म के ट्रेलर को काफी उत्साहजनक रिस्पॉन्स मिला। इसकी एडवांस बुकिंग ओपन कर दी गई है और पहले दिन के आंकड़े देखकर लग रहा है ओपनिंग अच्छी रहने वाली है। शैतान फिल्म की एडवांस बुकिंग 3 मार्च को शुरू हुई। दर्शकों को फिल्म देखने में दिलचस्पी है। टिकटों की संख्या दिखा रही है कि ओपनिंग डे पर घरेलू बॉक्स ऑफिस पर यह बेहतर प्रदर्शन करने वाली है। रिपोर्ट के अनुसार, शैतान ने एडवांस बुकिंग के पहले ही दिन 4115 टिकट बेचे हैं। टिकटों की कुल संख्या का मतलब है कि 9.80 लाख रुपए टिकटों की बिक्री हुई। पहले ही दिन फिल्म ने लगभग 10 लाख रुपए का कलेक्शन कर लिया है। अभी इसमें ब्लॉक की गई सीटें शामिल नहीं हैं। ये केवल कन्फर्म बुकिंग हैं।

## दिखीं एनिमल डायरेक्टर के संग



**मुंबई।** उर्वशी रौतेला के फैंस उनके अपकमिंग प्रॉजेक्ट के बारे में जानने के लिए बेताब रहते हैं। इसी बीच एनिमल के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा के साथ उनकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसे देखने के बाद फैंस सवाल कर रहे हैं कि वह एनिमल डायरेक्टर के साथ अगले प्रोजेक्ट में नजर आने वाली हैं। सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिनमें उर्वशी रौतेला और संदीप रेड्डी वांगा से गहन बातचीत करते नजर आ रहे हैं। नेटिजंस का एक वर्ग अनुमान लगाता है कि वे निकट भविष्य में एक साथ काम करने के अवसर पर चर्चा कर रहे होंगे। काम के मोर्चे पर, अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम 3' में उर्वशी रौतेला, बॉबी देओल, दुलकर सलमान, नंदमुरी बालकृष्ण के साथ 'एनबीके109', सनी देओल और संजय दत्त के साथ 'बाप' (हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर एक्सपेंडेबल्स का रीमेक), रणदीप हुडा, ब्लैक रोज के साथ 'इंस्पेक्टर अविनाश 2', जैसे प्रोजेक्ट्स में वह नजर आएंगी।

## स्वातंत्र्य वीर सावरकर : आज के युवाओं के लिए एक उपहार

**मुंबई।** आनंद पंडित कहते हैं, 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' भारत के आज के युवाओं के लिए एक उपहार है। फिल्म के निर्माता ने कहा कि वह हमेशा से सावरकर के बारे में एक फिल्म बनाना चाहते थे क्योंकि वह उनसे गहराई से प्रेरित हैं। फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' के ट्रेलर को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलने के बाद, विनायक दामोदर सावरकर के जीवन और समय पर आधारित बायोपिक के निर्माता आनंद पंडित ने कहा कि 22 मार्च को फिल्म रिलीज होने के बाद इतिहास फिर से लिखा जाएगा। फिल्म आनंद पंडित मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनी है। आनंद ने कहा, मेरा मानना है कि वह देश में पैदा हुए सबसे महान राष्ट्रवादियों में से एक हैं। उनके बारे में और अधिक पढ़ने और उनके जीवन को समझने के बाद, मुझे उनकी उल्लेखनीय कहानी में गहरी प्रेरणा मिली। उनके बारे में एक फिल्म बनाना एक लंबे समय से संजोया गया सपना रहा है, और 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' उस आकांक्षा की प्राप्ति है।




### सावरकर को सच्ची श्रद्धांजलि

अभिनेता रणदीप हुडा द्वारा निर्देशित यह फिल्म सावरकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फिल्म सावरकर की सच्ची कहानी को उजागर करेगी, जिससे लोगों को भारत के इतिहास में उनके योगदान और महत्व समझने का अवसर मिलेगा। पंडित ने सावरकर के सफल चित्रण के लिए रणदीप हुड्डा के समर्पण और शारीरिक परिवर्तन सहित उनके द्वारा की गई कड़ी मेहनत और प्रयासों की भी प्रशंसा की। इस फिल्म में अंकिता लोखंडे और अमित सियाल ने अन्य प्रमुख भूमिका निभाई हैं, जो दुनिया भर में हिंदी और मराठी भाषाओं में रिलीज होगी।



## कास्टिंग काउच का शिकार होते-होते बची थीं अंकिता

**मुंबई।** अंकिता लोखंडे को कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा था। इसके बाद उन्होंने कभी फिल्मों में काम न करने की इच्छा जताई थी। एक इंटरव्यू में, अंकिता ने शेयर किया कि जब वह फिल्म के लिए साइनिंग अमाउंट लेने गई तो उनसे कहा गया कि उन्हें निर्माता के साथ कॉम्प्रोमाइज होगा। अंकिता ने कहा, एक साउथ फिल्म के लिए बॉम्बे में मेरे साथ ऐसा हुआ। मुझे फोन आया, आपका सलेक्शन हो गया है। मैंने ऑडिशन दिया था, मैंने कहा, ठीक है, मैं आ रही हूं। मुझे जाना है और सिर्फ साइन करना है। मैंने अपनी मां से कहा, 'मैं फिल्म साइन करने जा रही हूं। मुझे साइनिंग अमाउंट मिल जाएगा। हालांकि, मैं असमंजस में थी कि यह इतनी आसानी से कैसे हो गया, मेरी किस्मत इतनी अच्छी नहीं है। जब मैं वहां गई, तो मुझे कमरे के अंदर अकेले बुलाया गया, जबकि मेरे साथ वाले को बाहर इंतजार करने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा, आपको समझौता करना होगा। मैं उस समय सिर्फ 19 साल की थी।

## खबर संक्षेप



### सीताराम महाराज की पुण्यतिथि पर भंडारा

**नारनौल।** ब्रह्मलीन सीताराम महाराज के शोभासागर स्थित आश्रम में उनकी पुण्यतिथि पर भंडारे का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए आश्रम के महाराज परमेश्वर दास ने बताया कि 11 वर्ष पहले सीताराम महाराज निर्वाण को प्राप्त हुए थे। उसके बाद उनकी निर्वाणतिथि पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पूर्व रात्रि को भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। सीताराम महाराज के निर्वाण के बाद से आश्रम की गद्दी पर परमेश्वर दास महाराज विराजमान हैं। महंत परमेश्वर दास ने बताया की भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



### आरपीएस: विजेता स्कूटी टेबलेट से किए सम्मानित

**नारनौल।** आरपीएस स्कूल में गत दिवस आरपीएस ओलंपियाड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव मुख्यातिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरपीएस संस्था चेयरपर्सन डा. पवित्रा राव ने की। प्राचार्या डा. पूर्णप्रभा, सीडीपीओ सरला देवी, नेत्रहीन कन्या विद्यालय प्राचार्या कांता, ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से रतन दीदी थी। आरपीएस ओलंपियाड विजेता प्रतिभागियों को राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने स्कूटी, साइकिल, टेबलेट व स्पोटर्स किट से सम्मानित किया। आरपीएस ओलंपियाड जैसी परीक्षा प्रतिभाओं को आगे लाने का सही माध्यम है। प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके अभिभावकों को बधाई दी।



### नितिन और प्रियंका चुने गए सर्वश्रेष्ठ वॉलंटियर

**मंडी अटेली।** राजकीय महाविद्यालय के एनएसएस की तीनों इकाइयों की सात दिवसीय शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। स्वयंसेवकों ने अंतिम दिन ग्रामीणों को घर-घर जाकर साइबर फ्रॉड के खतरे के प्रति जागरूक किया तथा पेड़ों पर पक्षियों के लिए परिंडे बांधे। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य राजेश सैनी ने की व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली के प्राचार्य प्रवीण यादव रहे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कालिया ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रियंका व नितिश ने कैंप अनुभव और फीडबैक सांझा किया। नितिन और प्रियंका सर्वश्रेष्ठ वॉलंटियर चुने गए। प्राचार्य डॉ. प्रवीण यादव ने स्वयंसेवकों को आत्मसुधार से ही समाज सुधार और राष्ट्र निर्माण संभव है। उन्होंने समाज में बढ़ते हुए अपराध के खतरे और नशे के दुष्प्रभाव के प्रति स्वयंसेवकों को जागरूक किया।

---

दूर दराज के क्षेत्रों के लिए कारगर जल जीवन मिशन के तहत कार्यक्रम

# 31 मार्च तक गांव-गांव जाकर पानी की गुणवत्ता जांचेगी मोबाइल लैब, वाटर टेस्टिंग मोबाइल वैन को एसडीओ ने दिखाई हरी झंडी

## शरीर को स्वस्थ रखने के लिए शुद्ध पानी सबसे महत्वपूर्ण, टेस्ट की विधियों को भी जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जल जीवन मिशन के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से प्रदेश भर के जिलों में मोबाइल वाटर टैस्टिंग वेन के माध्यम से गांव-गांव जाकर मौके पर ही कैमिकल जांच करवाई जा रही है। पांच मार्च से जिले की ग्राम पंचायतों के पेयजल की गुणवत्ता की जांच कर रही मोबाइल लैब अब जिला महेंद्रगढ़ के ग्राम पंचायतों की विजिट करेगी। मोबाइल वैन को उपमंडल अभियंता अशोक कुमार डागर व जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने मंगलवार को मंडल नंबर-एक से हरी झंडी दिखाकर रवाना गया।

**पता चलेगी गांवों में पानी की गुणवत्ता**

इस अवसर पर सबसे पहले उपमंडल अभियंता ने मोबाइल लैब का निरीक्षण किया व सैंपल टेस्ट करने की विधियों के बारे में भी जाना। उपमंडल अभियंता ने बताया कि इस सृष्टि में पानी का विशेष महत्व है। शुद्ध जल ही हमारे स्वास्थ्य को बरकरार रखता है। इसलिए पानी की गुणवत्ता काफी मायने रखती है। जल जीवन मिशन व जल शक्ति अभियान के तहत यही संदेश शासन-प्रशासन की ओर से लगातार आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। जहां हमारी वॉसो टीम लगातार जल संरक्षण व शुद्ध पेयजल के प्रति ग्रामीणों को जागरूक कर रही है। वहीं वाटर टेस्टिंग मोबाइल लैब भी इसी कार्य को पूरा करेगी। वाटर टेस्टिंग मोबाइल लैब एक आधुनिक उपकरण है। इसके द्वारा गांव में पानी की गुणवता जांचने के लिए मौके पर ही पानी की जांच की जा सकती है। यह एक चलती फिरती पानी जांच करने की लैब है। दूर-दराज के इलाकों में जो रिमोट एरिया में आते हैं। वहां ये सबसे उपयोगी साबित होती है। वहीं महामारी व आपातकाल की स्थिति पैदा होने पर ये मोबाइल लैब के माध्यम से किसी भी गांव में कुछ समय तक स्टैशन लैब के रूप में भी स्थापित किया जा सकता है।




नारनौल। मोबाइल लैब को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विभागीय अधिकारी। फोटोः हरिभूमि

!!!!!!!!!!

जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि ये मोबाइल वैन जिले में 31 मार्च तक गांव-गांव जाकर पानी की जांच करेगी। एक दिन में सात गांव विजिट किए जायेंगे व एक गांव का एक सैंपल टैस्ट होगा। खंड की ग्राम पंचायत फैजलीपुर, भूषण कलां, भूषण खुर्द, शोभापुर, सेका व मंढाणा ग्राम पंचायतों के लिए उपमंडल अभियंता महोदय ने हरी झंडी दिखाकर मोबाइल वैन को रवाना किया। वहीं बुधवार को यह मोबाइल कांवी, खानपुर, ढाणी बाठोठा, नांगल श्यालू, कारोता गांवों का दौरा करेगी। लैब कैमिस्ट उज्ज्वल प्रसाद ने बताया कि ये मोबाइन लैब कैमिकल जांच के लिए गांव-गांव जाएगी। पानी के कुल नौ पैरामीटर की जांच की जाएगी। जिनमें से मुख्यतः टीडीएस, पीएच, टरबिडिटी, आयरन, हार्डनेस, फ्लोराइड, नाइट्रेट, सल्फेट व जिंक तत्वों की जांच की जाएगी। इस मौके पर जेई प्रवीण कुमार, बीआरसी इंद्रजीत, दीपक प्रधान, जेई एनपी रंगा, असिस्टेंट चेतन, जेई संजय कुमार, सचिन सिरोहा, डीपीसी अंकुर बहवाल, सॉशियोलोजिस्ट अजीत सिंह आदि मौजूद थे।

---

स्टेशन अपग्रेड करने व दिल्ली-सीकर एक्सप्रेस के ठहराव की मांग

# सतनाली में बीकानेर इंटरसिटी सैनिक एक्सप्रेस को हो ठहराव

सतनाली रेल संघर्ष समिति ने स्टेशन मास्टर को सौंपा ज्ञापन, 80 सैनिक बाहुल्य में से एक सतनाली स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतनाली मंडी

सतनाली स्टेशन पर बीकानेर इंटरसिटी, सैनिक एक्सप्रेस एवं दिल्ली-सीकर एक्सप्रेस के ठहराव व यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर सतनाली रेल संघर्ष समिति एवं क्षेत्रवासियों ने मंगलवार को स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। महाप्रबंधक के नाम स्टेशन अधीक्षक डीएस स्वामी को सौंपे ज्ञापन में समिति प्रधान एवं डीआरयूसीसी मेंबर दीवान सिंह शेखावत ने बताया कि उपतहसील मुख्यालय सतनाली राजस्थान व हरियाणा के 80 सैनिक बाहुल्य गांवों का मुख्य रेलवे स्टेशन है। स्टेशन पर कुछ ही ट्रेनों का ठहराव है, जिनसे उल्लेखनीय यात्री भार प्राप्त होता है, फिर भी यहां अनेक एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं दिया जा रहा है जिससे क्षेत्रवासियों में रोष है। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 22471/72 दिल्ली-बीकानेर इंटरसिटी के ठहराव की मांग लंबे समय से की जा रही है। व्यापक यात्रीहित में बीकानेर मंडल की ओर से सतनाली ठहराव को वाणिज्यीक रूप से औचित्यपूर्ण ठहराया जा चुका है। इस गाड़ी के ठहराव के लिए सांसद की ओर से अनेक पत्र लिखे जा चुके हैं, फिर भी ठहराव नहीं दिया जा रहा है। जिससे यहां के यात्रियों को प्रतिदिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गाड़ी संख्या 19701/02 दिल्ली-जयपुर सैनिक एक्सप्रेस का उल्लेखनीय यात्रीभार होने के बावजूद कोरोना काल के बाद महज सतनाली से ठहराव वापस ले लिया गया है, जबकि अनेक स्टेशन जिनका यात्रीभार सतनाली से कम है, पर इस ट्रेन का ठहराव यथावत है। सतनाली सहित आसपास के गांवों के यात्रियों व सैनिकों के लिए रात को जयपुर एवं खाटू श्याम जाने वाले यात्रियों के लिए यही एकमात्र ट्रेन थी। अब स्टेशन पर प्रतिदिन चलने वाली एक भी ट्रेन का ठहराव नहीं है। जिससे यहां के यात्री भारी परेशान हैं। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 14811/12 दिल्ली सराय-सीकर एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए, ताकि सतनाली क्षेत्र के यात्रियों को सुबह सीकर की ओर जाने व शाम को आने में हो रही परेशानी से निजात मिले। उन्होंने बताया कि सतनाली स्टेशन को व्यापक यात्री भार एवं आय के बावजूद एनएसजी छह श्रेणी में रखा गया है। स्टेशन पर कुछ ही ट्रेनों का ठहराव होने पर भी रेलवे को सालाना एक करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हो रहा है। अतः स्टेशन की श्रेणी को अपग्रेड कर प्लेटफार्म शेड सहित अन्य यात्री सुविधाओं का विस्तार एवं उपरोक्त ट्रेनों का ठहराव किया जाए, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को बेहतर रेल यातायात का लाभ मिले और रेलवे को भी अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ती हो।



सतनाली मंडी। ट्रेनों के ठहराव व अन्य मांगों का ज्ञापन सौपते क्षेत्रवासी। फोटोः हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर रतनसिंह वालिया, होशियार सिंह, ढिल्लू शेखावत, रविंद्र सिंह, सतबीर वालिया, गोविंद वालिया, महेंद्र वालिया, सुभाषचंद वालिया, श्याम वालिया, विनोद वालिया, पंकज वालिया, शिवकुमार शास्त्री, सुनील वालिया, सेठ ओमप्रकाश, संजय वालिया, वंश, नगेंद्र सिंह, मदन वालिया, सुनील आदि सहित अनेक लोग मौजूद थे।

---

# छात्रों ने विज्ञान केंद्र का किया भ्रमण

- आरपीएस कॉलेज के जीव विज्ञान के छात्रों ने किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस कॉलेज के बीएससी मेडिकल एवं एमएससी बॉटनी व एमएससी जूलॉजी के विद्यार्थियों ने चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय के उपकेंद्र कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने विद्यार्थियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे विद्यार्थियों का पढ़ाई के साथ-साथ सर्वांगिण विकास होता है। सीईओ इंजि. मनीष राव ने भ्रमण पर जाते हुए विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। विद्यार्थियों ने केंद्र के विभिन्न विभागों का दौरा कर कृषि वैज्ञानिकों से जानकारी हासिल की। मृदा विज्ञान विभाग में कृषकों द्वारा समय-समय पर जल एवं मृदा के नमूने जांच के लिए लाए जाते हैं, जिनके बारे में डॉ. राजपाल मृदा विज्ञान के विशेषज्ञ ने छात्रों से रुबरु होकर जानकारी ली। कीट विज्ञान विभाग के प्रमुख विशेषज्ञ डॉ. जयलाल ने फसलों में लगने वाले कीट-पतंगों के बारे में जानकारी दी तथा उन कीट पतंगो से होने वाली बीमारियों एवं फसलों के नुकसान संबंधित जानकारियां तथा उनके रोकथाम के उपाय एवं विधियों के बारे में बताया। सस्य विज्ञान के प्रमुख विशेषज्ञ डॉ. रमेश कुमार ने कृषि के बारे में तथा कृषि में प्रयुक्त होने वाले नवीन उपकरणों तथा नए-नए यंत्रों के बारे में बताया।



महेंद्रगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण करती छात्राएं। फोटोः हरिभूमि

## आईजीयू के परीक्षा परिणाम में यदुवंशी कॉलेज की 3 छात्राओं ने पाया विश्वविद्यालय में रैंक



**नारनौल।** हाल ही में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से बीएससी कैमिस्ट्री ऑनर्स के तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने बहुत ही बेहतरीन परिणाम दिया। कॉलेज की छात्रा सपना पुत्री उमेद सिंह ने 83.8 प्रतिशत अंक के साथ विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं निशा पुत्री मनोज कुमार ने 83.2 प्रतिशत अंक लेकर विश्वविद्यालय में चौथा व खुशी पुत्री गोविंद राम भारद्वाज ने 85.3 प्रतिशत अंक लेकर विश्वविद्यालय में दसवां स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों का परिणाम भी बहुत ही सराहनीय तथा शत-प्रतिशत रहा। कॉलेज उपप्राचार्या डा. सोनल यादव ने बताया कि कॉलेज का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है व आगे भी इसी तरह के परिणामों के लिए हम निरंतर प्रयास करते रहेंगे। इसी उपलक्ष्य में यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी व सभी अध्यापकों की सराहना की। इस मौके पर डायरेक्टर सुरेश यादव, डा. प्रदीप यादव, बीएड प्रिंसिपल बजरंग लाल ने विद्यार्थियों का हौंसला बढ़ाया।

## स्टेशन पर स्टील की चार बैंच लगवाई

**सतनाली मंडी।** सतनाली कस्बे के रतन सिंह वालिया पुत्र महादेव सिंह वालिया ने सतनाली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्टील की चार बैंच लगवाकर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। इस अवसर पर डीआरयूसीसी एवं सतनाली रेल संघर्ष समिति प्रधान दीवान सिंह शेखावत ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के लिए सुविधाएं उपलब्ध करवाना बहुत ही नेक कार्य होता है। उन्होंने बताया कि सतनाली स्टेशन पर रतन सिंह वालिया ने यात्रियों की सुविधा के लिए स्टील की चार बैंच लगवाकर अनुकरणीय पहल की है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल यात्रियों को लाभ होगा अपितु दूसरे समाजसेवियों को सार्वजनिक हित में काम करने को प्रेरित होंगे।

---



## श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**नारनौल।** नई अनाज मंडी में श्रीश्याम भक्तों के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से पूर्व मंगलवार को प्रातः कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा की शुरूआत अग्रवाल सभा से की गई। कलश यात्रा काठमंडी, डाकघर, राजीव चौक, अनाज मंडी होती हुई गोस्वामी मार्केट पर पहुंची। कथा का वाचन श्रीधाम वृंदावन निवासी पंडित रविकृष्ण शास्त्री करेंगे। कथा के यजमान श्पवन गर्ग व सुमन देवी गर्ग थे। श्रीमद्भागवत को आदर-सत्कार से अपने सिर पर धारण कर पवन गर्ग कथा स्थल तक लेकर आए। कथा से पूर्व यजमान व उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रीमद्भागवत का पूजन व आरती की। कथा 11 मार्च तक की जाएगी। कथावाचन रोजाना दोपहर 2:15 बजे से 5:15 बजे तक होगा। इस मौके पर पवन गर्ग, श्रीगौड़ ब्राह्मण सभा के कार्यकारिणी सदस्य विजय गोस्वामी, अग्रवाल सभा के पूर्व प्रधान रमेश गर्ग, मंमथ गोस्वामी, हितेश गोस्वामी, नरेंद्र गोयल, ओमप्रकाश, राजेश सोनी, सुनील कुमार, रवि बोहरा, महेश, नवल, बजरंग, सुरेंद्र बोहरा, रामनारायण बोहरा, सावित्री गोस्वामी, उषा गोस्वामी, भाग्यश्री गोस्वामी, उपमा गोस्वामी, सुमन देवी गर्ग, गुड्डी रानी गोयल, पुष्पा अग्रवाल, विमला गर्ग, शिवानी गर्ग, अंगूरी गर्ग, प्रमिला शर्मा सहित सैकड़ों महिलाएं व पुरुषों ने कलशयात्रा में अपनी भागीदारी निभाई।

# कार्यशाला में दूसरे दिन की योग क्रियाएं

- योग को अपने जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बनाने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में योगा क्लब एवं योग भारती इकाई के तत्वाधान में चार दिवसीय योग कार्यशाला के दूसरे दिन विभिन्न योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया। योग कार्यशाला के दूसरे दिन विद्यार्थियों को अनेक प्रकार की योग क्रियाओं का अभ्यास करने का अवसर मिला। समाधान और आत्म-समर्पण के माध्यम से योग द्वारा स्वास्थ्य, शांति और संतुलन के लिए आंतरिक विकास को बढ़ावा देने का अभ्यास किया गया। प्राचार्य मेजर एमआर लांबा ने बताया कि विद्यार्थियों ने योग आसनों की सही तकनीक का पालन करते हुए योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया और इससे उनकी योग कला में महारत का संदेश प्रकट हुआ। विद्यार्थियों ने केवल अपनी शारीरिक स्थिति को सुधारा बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी योग की महत्वपूर्णता को प्रस्तुत किया। उन्होंने योग के माध्यम से आत्म-संयम और ध्यान का महत्व बताया और उन्हें संतुलित जीवनशैली की ओर प्रेरित किया। योग प्रशिक्षिका जय माता दी एरोबिक्स सेंटर की डायरेक्टर सुमन गर्ग एवं उनकी टीम की सदस्या अमिशा ने कार्यशाला के दूसरे दिन सभी को योग और प्राणायाम करवाया और हर योग और प्राणायाम के महत्वपूर्ण विशेषता के बारे में सब को अवगत करवाया। उन्होंने हर योगासन व प्राणायाम के लाभ के बारे में भी बताया।



महेंद्रगढ़। कार्यशाला के दौरान योग की क्रियाएं करते हुए। फोटोः हरिभूमि

# बचपन प्ले स्कूल के बच्चों ने किया गोशाला का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

बचपन प्ले स्कूल के बच्चों ने मंगलवार को बुचियावाली गोशाला एवं मंदिर परिसर का भ्रमण किया। विद्यालय चेयरमैन रमेश सैनी एवं चेयरपर्सन निशा सैनी ने बताया कि बचपन हेड रूपाली अरोड़ा के नेतृत्व में 150 बच्चों का एक दल शहर के बुचियावाली मंदिर एवं गोशाला का भ्रमण करने के लिए पहुंचा। बालाजी मंदिर, शनिदेव मंदिर, श्री श्याम मंदिर, राधाकृष्णन मंदिर एवं शिव मंदिर के दर्शन किए तथा वहां की गोशाला में रह रही गायों को गुड एवं ब्रेड पीस आदि खिलाएं। प्राचार्या चित्रा शर्मा ने बताया कि बुचियावाली मंदिर शहर का एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थान एवं दर्शनीय स्थान है, जहां दूर-दूर से लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। गो-माता के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि हिंदू संस्कृति में गाय को गो-माता का दर्जा दिया हुआ है।



महेंद्रगढ़। गोशाला में गायों को गुड़ खिलाते विद्यार्थी। फोटोः हरिभूमि

---

डीसी की जनसुनवाई में आई 59 शिकायतें, अधिकारियों को दिए निर्देश

# स्पोंसरशिप स्कीम में शामिल होगा लक्ष्मी का पोता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

प्रदेश सरकार स्पोंसरशिप स्कीम के तहत एकल अभिभावक के बच्चे व अनाथ एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित अभिभावकों के स्कूल में जाने वाले बच्चों को चार हजार रुपये प्रति बच्चा दो बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। पात्र व्यक्ति जिला बाल विकास विभाग के शास्त्री नगर नारनौल में स्थित कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं। डीसी मोनिका गुप्ता ने कैंप कार्यालय में बचीनी की वृद्धा लक्ष्मी देवी के पोते के लिए स्पॉन्सरशिप एवं फॉस्टरकेयर स्कीम के लिए अधिकारियों को आवेदन करवाने के निर्देश दिए तथा मौके पर आई 59 शिकायतों के समाधान के निर्देश दिए। जिनमें अवैध कब्जे, जोहड़ में पानी, बिजली तथा परिवार पहचान पत्र की शिकायतें आई।बचीनी की वृद्धा लक्ष्मी देवी अपने पोते को साथ लेकर पहुंची थी। डीसी ने बच्चे को मिलने वाली पेंशन के संबंध में पूछा तो वृद्धा ने बताया कि उनके पोते को समाज कल्याण विभाग से 1800 रुपये प्रति माह मिल रहे हैं। इस पर डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे तुरंत इनका आवेदन स्पांसरशिप एवं फॉस्टरकेयर स्कीम के लिए कराएं। इसके लिए समाज कल्याण विभाग से मिलने वाली पेंशन बंद करवानी होगी। एकबार में एक ही पेंशन ले सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार बच्चों के कल्याण के लिए कई तरह की योजनाएं चला रही है। इनमें स्पॉन्सरशिप एवं फॉस्टरकेयर योजना बहुत महत्वपूर्ण है। स्पॉन्सरशिप एवं फॉस्टरकेयर स्कीम का फायदा लेने के लिए बच्चा स्कूल में पढ़ता हो तथा बच्चे की उम्र 18 वर्ष से कम होनी चाहिए।



महेंद्रगढ़। नागरिकों की शिकायतें सुनती डीसी मोनिका गुप्ता। फोटोः हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर डीएमसी महावीर प्रसाद, एसडीएम संजीव कुमार, एसईपीओ प्रवीन कुमार, एसडीओ पब्लिक हेल्थ जीयाराम, कल्याण विभाग से एआरओ धर्मेंद्र, क्रिड विभाग से रवि व अनीता सैनी, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से बीरमा देवी, जिला समाज कल्याण विभाग से प्रदीप कुमार, अल्प बचत विभाग से विजेंद्र सिंह, डीसी रीडर सुनील दत्त शर्मा, लिपिक प्रदीप व पीडब्ल्यूडी विभाग से आशीष के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# किड्जी स्कूल में पिलाई पोलियो ड्राप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सिटी किड्जी वर्ल्ड स्कूल में बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के 300 विद्यार्थियों को पल्स पोलियो की दो बूंदें पिलाई गई । विद्यालय में सिविल अस्पताल से आए डॉक्टर एवं उनकी टीम ने बच्चों को जीवन संजीवनी के रूप में पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाकर नौनिहालों के भविष्य को सुरक्षित किया। मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन यादव ने बताया कि पल्स पोलियो एक संक्रामक रोग है, जो वायरस के कारण होता है, जो गले तथा आंत में रहता है। भारत समेत कई राज्यों में पोलियो बच्चों के लिए एक अभिशाप था। यह जिसे भी शिकार करता उसकी जिंदगी नरक हो जाती, शरीर नाकाम हो जाता है। पांच वर्ष से छोटे बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुदृढ़ भविष्य के लिए यह पल्स पोलियो की दवा की शुरूआत की गई। चेयरमैन विजय सिंह यादव ने कहा कि इस दवा से बच्चों में प्रतिरोधक क्षमता का वर्धन होता है तथा बच्चा सुरक्षा के घेरे में आता है।



महेंद्रगढ़। बच्चे को दवाई पिलाते स्वास्थ्यर्मी। फोटोः हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### शिक्षित बनें और शिक्षा का उजियारा फैलाएं

**नारनौल।** राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला आंतरी में स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि मौलिक मुख्याध्यापिका अमरेश चौधरी थी, जबकि पीएचसी आंतरी की दंत रोग विशेषज्ञ डा. सुषमा यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रही। कार्यक्रम में डा. योगेश यादव भी उपस्थित रहे। मुख्यातिथि मौलिक मुख्याध्यापिका अमरेश चौधरी ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा के बगैर जीवन पशु समान है।

### गांव जेरपुर में बाबा पांचों पीर का मेला 9 से

**महेंद्रगढ़।** गांव जेरपुर में नौ 10 मार्च को बाबा पांचों पीर का मेले का आयोजन किया जाएगा। इस कड़ी में मेले से पूर्व क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को भी पहला क्रिकेट मैच नांगलमाला व मांडोला की टीमों के बीच हुआ, जिसमें मांडोला की टीम नौ विकेट पर 46 रन बनाकर विजयी रही। प्रत्येक मैच आठ ओवर के खेले गए।

### देश-प्रदेश कर रहा विकास के नए आयाम स्थापित

**नारनौल।** पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछड़े वगारें की जनकल्याणकारी नीतियों से देश व प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कर्णदेव कंबोज के निर्देशानुसार नांगल चौधरी मंडल के ओबीसी सम्मेलन में कही। यह सम्मेलन सरस्वती स्कूल भोजावास में नांगल चौधरी मंडल अध्यक्ष सुनील जांगड़ा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, भाजपा ओबीसी मोर्चा की जिला प्रभारी शारदा यादव आदि मौजूद रहे।

### सरसों के कट्टे चोरी करने के आरोप में महिला काबू

**कनीना।** पुलिस के विशेष दस्ते व थाना सदर पुलिस ने सरसों चोरी के मामले में संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान काली वासी पड़तल के रूप में हुई है। पुलिस ने महिला को राजस्थान के राजगढ़ से गिरफ्तार किया है। जो सरसों चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद राजगढ़ में किराये पर रह रही थी।

# कई शुभ योग में आठ को मनाए शिवरात्रि पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

महाशिवरात्रि पर्व हिंदुओं का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है, जिसे फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती की वैवाहिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव वैराग्य जीवन छोड़कर वैवाहिक बंधन में बंध गए थे। ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि इस साल शिवरात्रि का व्रत व पर्व आठ मार्च शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस महाशिवरात्रि पर त्रयोदशी वृद्धा चतुर्दशी तिथि का संयोग है। इसमें त्रयोदशी तिथि या प्रदोष व्रत का आरंभ करना बहुत शुभ रहता है। अगर आप पहली बार महाशिवरात्रि का व्रत करने जा रहे हैं तो यह संयोग बेहद कल्याणकारी रहेगा। इस योग में आप प्रदोष व्रत भी आरंभ कर सकते हैं। इस बार महाशिवरात्रि पर बहुत से शुभ योग भी बन रहे है। शिव योग के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग और सिद्ध योग रहेगा। इसके अलावा इस दिन श्रवण नक्षत्र मकर राशि का चंद्रमा होंगा। शास्त्रों के अनुसार इन दुर्लभ योगो में भगवान शिव की पूजा शीघ्र फल प्रदान करने वाली मानी गई है। ये योग बहुत ही शुभ बताए गए हैं।

**खास बातें**

- भगवान शिव वैराग्य जीवन छोड़कर वैवाहिक बंधन में बंधे थे
- चतुर्दशी तिथि का प्रारंभ आठ मार्च को रात्रि 9 :57 पर होगा और नौ मार्च को शाम 06 :17 तक रहेगी

### ऐसे करें इस दिन पूजा विधि



प.राहुल भारद्वाज।

इन योग में विधि-विधान से किया गया व्रत व पूजा अवश्य ही पूर्ण फल की प्राप्ति करवाती है और भगवान शिव की विशेष कृपा की प्राप्ति व आशीर्वाद से हर मनोकामना पूरी होती है। शिवरात्रि के व्रत से कई प्रकार की मान्यताएं जुड़ी हुई है। ऐसा माना जाता है कि जो भी कुंवारी कन्याएं इस व्रत को करती है तो उनके अच्छे वर की प्राप्ति होती है और महिलाएं करती है तो उनका वैवाहिक जीवन सुखमय होता है। भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि इस दिन व्रत के साथ-साथ, शंकर भगवान का पंचामृत, दूध, दही, घी, शहद, जल से भगवान का अभिषेक किया जाता है। बेलपत्र, भांग धतूरा आक का पत्ता शिवलिंग पर अर्पित करे। इस दिन शिव पुराण, ओम नमः शिवाय मंत्र का जप, शिव चालीसा व शिवस्त्रोतत्रपाठ करे। उन्होंने बताया कि अगर आसपास कोई शिव मंदिर नही हो तो आप मिट्टी का शिवलिंग बनाकर भी पूजा कर सकते है।

### चार पहर की पूजा विधान और उसका समय

राहुल भरद्वाज ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन निशिता काल और चार पहर की पूजा करने का विधान है। माना जाता है कि इन चार पहर में पूजा करने से मनुष्य को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। पहले पहर में दूध से दूसरे में दही तीसरे में शुद्ध देसी घी व चौथे पहर में शहद से अभिषेक किया जाता है।

1. चतुर्दशी तिथि का प्रारंभ आठ मार्च को रात्रि 9:57 पर होगा और नौ मार्च को शाम 06:17 तक रहेगी
2. निशिता कालझ्ररात्रि 12:05 से रात्रि 12:56 तक रहेगा।
3. प्रथम पहर-शाम 6:25 से रात्रि 9:28 तक।
4. दूसरा पहर-रात्रि 9:28 से रात्रि 12:31 तक।
5. तीसरा पहर-रात्रि12:31 से सुबह 3:34 तक।
6. चौथा पहर-सुबह 3:34 से नौ मार्च को सुबह 6:37 मिनट तक।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** सीआईए ने कार्रवाई करते अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपित सुशील कुमार वासी ताजीपुर को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ थाना निजामपुर में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि सीआईए टीम गश्त के दौरान गांव मांदी बस अड्डा पर मौजूद थी, उसी समय टीम को गुप्त सूचना मिली कि सुशील वासी ताजीपुर के पास अवैध हथियार है और अपने गांव की फिरनी पर खड़ा है तथा किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने रेड करके सुशील की तलाशी ली तो उसके पास से एक अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ।

## समस्या के समाधान के लिए डीसी को सौंपा ज्ञापन

# सड़क के गड्ढे भरने व सीवरेज ढक्कन ऊंचे-नीचे लगाने से शहरवासी परेशान

सीवरेज के ढक्कन ऊबड़-खबड़ होने से सड़क हादसे का हमेशा अंदेशा बना रहता



महेंद्रगढ़। डीसी मोनिका गुप्ता को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर में इन दिनों सड़क में गहरे गड्ढे व सीवरजे के ऊंचे-नीचे ढक्कन से शहरवासी परेशान है। इस समस्या को लेकर मंगलवार को सामाजिक संगठन के लोगों ने डीसी मोनिका गुप्ता को ज्ञापन सौंपा है। समाजसेवी रामनिवास पाटोदा, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान बंशीलाल यादव, शमशेर आकोदा, जितेंद्र शेखावत, पवन पारिक, अशोक कुमार, पोहप कुमार, राजेंद्र, राजेश ने बताया कि महेंद्रगढ़ जिला सबसे पुराने जिलों में शामिल है, बावजूद इसके जिले की हमेशा उपेक्षा होती आई है। महेंद्रगढ़ शहर की बात करें तो बीती योजना में पूरा समय शहर विकास को तरसता रहा। परंतु सरकार व प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। अब जब महेंद्रगढ़ नगर पालिका में नए हाउस का गठन हुआ तथा भाजपा का ही प्रधान बना तो लोगों में शहर के विकास कार्य शुरू होने की एक उम्मीद जगी। शहर अब विकास के मामले में आगे बढ़ेगा। परंतु देखने में आ रहा है कि भाजपा समर्थित शहरी सरकार बेबस है, प्रशासनिक अधिकारी आज भी इस शहर के विकास को लेकर कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। शहर के सबसे पुराने ऐतिहासिक आजाद चौक से पुराने नारनौल रोड की बात कि जाए तो यह मार्ग भी आज अपने जर्जर हालत पर आंसू बहा रहा है।

### जर्जर सड़क पर हो रहे हादसे

सड़क जर्जर होने के कारण इस मार्ग पर आए दिन हादसे भी होते रहते हैं तथा इस मार्ग पर अतिक्रमण का भी बोलबाला है। बाजार के मार्ग से तो गांव के मार्ग अच्छे हैं। उन्होंने डीसी से मांग की है कि 11 हट्टा बाजार के जर्जर मार्ग पर शीघ्र ध्यान दिया जाए तथा लोगों की इस परेशानी को लेकर कारगर कदम उठाए जाएं।

इसके अलावा पूरे शहर की अधिकांश सड़के गहरे गड्ढे में तब्दील हो चुकी है, इसलिए शहर में नई सड़कों को निर्माण कार्य शुरू करवाया जाए। इसके अलावा शहर की अधिकांश सड़कों पर सीवरेज के ऊंचे-नीचे ढक्कन होने से वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल राहगीर को परेशानी उठानी पड़ रही है। सीवरेज के ढक्कन ऊंचे-नीचे होने से सड़क हादसे का भी अंदेशा बना रहता है।

उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जिम्मेदार अधिकारियों ने समस्या को लेकर कोई कारगर कदम नहीं उठाया तो एक महीने बाद परेशान क्षेत्र के नागरिक सरकार व प्रशासन के खिलाफ रोष जताएंगे। इसके अलावा धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे, ताकि आमजन को हो रही समस्याओं से कुछ राहत मिल सके।

### दमकल केंद्र में दो छोटी गाड़ी उपलब्ध करवाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** दमकल केंद्र में दो वाटर मिस्ट यानि छोटी गाड़ियां उपलब्ध करवाने को लेकर मंगलवार को डीसी को ज्ञापन सौंपा है। क्षेत्रवासी सुधीर, जितेंद्र, उमराव, रामनिवास पाटोदा, सुरेंद्र कुमार, बलदेव, रामसिंह, दीपचंद, अजीत, अशोक, विक्रम व रामकरण ने बताया कि महेंद्रगढ़ विधानसभा के तहत 104 गांव आते हैं, लेकिन दमकल विभाग के केंद्र में आग बुझाने के लिए चार बड़ी गाड़ियां है।

अगर शहर व गांव में छोटी गलियों में किसी प्रकार की आगजनी हो जाए तो यह गाड़ी गली में नहीं जा सकती है। कुछ दिन पहले में ऐसा ही नारनौल शहर में देखन को मिला। इस आगजनी में दो मजदूरों की मौक्त हो गई थी। इसलिए महेंद्रगढ़ दमकल केंद्र में फायर की दो वाटर मिस्ट गाड़ी उपलब्ध करवाई जाए, ताकि भविष्य में होने वाली आगजनी से निपटा जा सके।



### एक कलाकार का हृदय होता है संस्कारों का दर्पणः गौड़

**महेंद्रगढ़।** श्री रामलीला परिषद् स्थित राजाराम पालड़ी रंगमंच पर हरियाणा कला परिषद् के हिसार मंडल द्वारा 10 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस दौरान रोटरी क्लब प्रधान मुकेश मेहता व कानौड़ सेवा सीमित अध्यक्ष चेतन प्रकाश गौड़ मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका पूर्व प्रधान रामचंद्र जांगड़ा व प्रदीप शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। चेतन प्रकाश गौड़ व मुकेश मेहता ने कार्यशाला में भाग लेने वाले कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि एक कलाकार का हृदय संस्कारों का सच्चा दर्पण होता है। गुरु से दीक्षा प्राप्त करने वाला कलाकार समाज को नई दिशा देने में पूरी तरह सक्षम होता है। इस 10 दिवसीय कार्यशाला में 25 से 30 कलाकार हरियाणा के प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं टीवी कलाकार अनिल कौशिक से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। सहायक निर्देशक के रूप में प्रमोद तिवाड़ी व संगीतकार के रूप में गिरीश कानोड़िया व अशोक कुमार नाट्य मंचन में संगीत पक्ष को देखेंगे। कार्यशाला में विकास तिवाड़ी, अशोक जांगड़ा, चंद्र मोहन, पुनीत, लक्की, यश, साहिल, अतुल, मुकेश, जतिन, हर्ष, प्रदीप, उदित, संगीता, भावना, पलक, श्रेया, दिव्यांशी व मुस्कान आदि उपस्थित रहे।



### भिवानी-महेंद्रगढ़ लोस कार्यालय में युवा चौपाल कार्यक्रम

**नारनौल।** निजामपुर रोड स्थित भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा कार्यालय में युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिला महामंत्री भवानी सिंह, युवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव की टीम सहित अनेक युवा मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी नीतियों को लेकर युवाओं की भागीदारी तय करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला सचिव डा. पवन, जिला कार्यालय मंत्री संजय अमन, कोषाध्यक्ष संदीप यादव, रतन सरपंच नीरपुर राजपूत, कर्मवीर यादव, प्रदीप कुमार, सिकन्दर, कुलदीप, सुरेशपाल, मुकेश शर्मा, बिक्रम सरपंच भीलवाड़ा, भवानी शंकर शर्मा आदि मौजूद थे।

## पार्टी कार्यकर्ता चुनाव के लिए रहें तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



सभी कार्यकर्ता केंद्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पंहुचाने के लिए ग्रामीणों के बीच में जाए। यह बात अटेली हलका विधायक सीताराम यादव ने मंगलवार को पंचायत समिति के सभागार में आयोजित ओबीसी मोर्चा की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा किसी भी समय हो सकती है। जिसे लेकर सभी कार्यकर्ता तैयार रहे। यादव ने कहा कि सरकार कौशल रोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। पीएम विश्वकर्मा योजना असहाय एवं कारीगरों की किस्मत पलटने वाली योजना है। इसके माध्यम से सरकार 15 दिन का प्रशिक्षण देगी। प्रशिक्षण प्राप्तकर्ता को 500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से भत्ता दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद रोजगार संबंधित उपकरण खरीदने के लिए एक लाख रुपये की राशि पांच फीसदी दर से लोन स्वीकृत किया जाएगा। लेनदेन ठीक रहने पर योजना अनुसार 30 लाख रुपये तक की राशि प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि आगामी नौ मार्च को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव महेंद्रगढ़ में जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसके लिए सभी कार्यकर्ता वहां पहुंचे। बैठक में उपस्थित अटेली हलका विस्तारक चित्रकुमार सभ्रवाल, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्षा शारदा देवी ने कहा कि ओबीसी मोर्चा के राष्टीय अध्यक्ष के लक्ष्मण व कर्णदेव कंबोज के नेतृत्व में देश के सभी 28 राज्यों के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो-दो कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए तैयार किया जा रहा है। वहीं जन हितैषी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पंहुचाया जा रहा है। इस मौके पर पंचायत समिति चेयरमैन जेपी यादव, देवदत जांगड़ा, सूबेदार मुनीलाल शर्मा, कंवर सैन वशिष्ठ, श्रीराम शर्मा, सुरेश शर्मा, मनोज यादव, राहुल मित्तल, रामेश्वर दयाल, अनिल यादव, दीपक कुमार, प्रदीप कुमार, पूनमचंद शर्मा, रविंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## हकेंवि में इनोवेशन हब-साइंस गैलरी की शुरूआत

- आईएपीटी, सीडीपीई व सीआईएसटी के सहयोग से हुई शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। गैलरी में मॉडल्स को देखते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा केंद्रीय विवि में मंगलवार को इनोवेशन हब-सीयूएच साइंस गैलरी की शुरूआत की गई है। विवि में यह गैलरी भारतीय भौतिकी शिक्षक परिवार (आईएपीटी), सीडीपीई, राजस्थान विवि, जयपुर व सेंटर फोर इनोवेशन इन साइंस टीचिंग सीआईएसटी, आईआईएस, जयपुर के सहयोग से शुरू की गई है। विवि प्रशासनिक खंड के भूतल में स्थापित इस गैलरी के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में वीजेयू जयपुर के पूर्व कुलपति व सीआईएसटी, आईआईएस जयपुर के निदेशक प्रो. वाईके विजय उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। यह कार्यक्रम भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव के संयोजन में संपन्न हुआ। हकेंवि परिसर में साइंस गैलरी की शुरूआत करते हुए मुख्यातिथि प्रो. वाईके विजय ने कहा कि विज्ञान हम सभी के जीवन का अभिन्न अंग है और दैनिक जीवन से लेकर उल्लेखनीय खोज तक के प्रति युवा पीढ़ी का ध्यान आकर्षित करने और उन्हें नवाचार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह के प्रयास बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस गैलरी के माध्यम से आंगतुकों को खेल-खेल में आंनद लेते हुए विज्ञान के व्यावहारिक ज्ञान को जानने समझने का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस मौके पर कहा कि आज ही नहीं, बल्कि पुरातन काल से ही विज्ञान के सिद्धांत हमारे जीवन में विद्यमान रहे हैं। छोटे-छोटे उदाहरणों व व्यावहारिक मॉडल्स के माध्यम से हम विज्ञान के गूढ ज्ञान को सहज ही समझ सकते हैं।

संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने सीयूएच साइंस गैलरी की शुरूआत के अवसर पर कहा कि यह गैलरी विद्यार्थियों को विज्ञान से जोड़ने और तथ्यात्मकता के साथ उसके व्यावहारिक पक्ष को समझने और स्वीकार करने के दिशा में सहयोगी की भूमिका निभाएगी।

### अवैध देसी कट्टे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** सीआईए टीम द्वारा अवैध हथियार रखने के शौकीन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर महेंद्रगढ़ क्षेत्र से एक आरोपी अजय उर्फ रोमियो वासी दुलोठ अहीर को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ थाना शहर में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। सीआईए इंचार्ज एसआई गोविंद ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान सतनाली मोड के पास मौजूद थी, उसी समय टीम को गुप्त सूचना मिली कि अजय वासी दुलोठ अहीर के पास अवैध हथियार है और अपने किसी साथी के इंतजार में जाटवास मोड पर खड़ा है। टीम द्वारा बताए हुए स्थान पर रेड की गई जिसे काबू करके तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ।

## सरकार की योजनाओं से माताओं-बहनों को हो रहा फायदाः भारती सैनी

# नारी शक्ति वंदन के तहत निकाला स्कूटी और पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। नारी शक्ति वंदन के तहत अंबेडकर मूर्ति के सम्मुख एकत्रित हुए भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

विश्व महिला दिवस मनाने की कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा की ओर से नारी शक्ति वंदन कार्यक्रमों की कड़ी में मंगलवार को महिला जिलाध्यक्ष भारती सैनी के नेतृत्व में शहर में एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में भाजपा कार्यकर्ताओं खासकर महिलाओं ने स्कूटी एवं पैदल भाग लिया। यह रैली लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस से शुरू होकर महावीर चौक होते हुए डीसी कोठी के समीप अंबेडकर मूर्ति के पास पहुंची। यात्रा में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष दयाराम यादव, कार्यक्रम संयोजक अमित भारद्वाज, पूर्व जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, आईटीआई के चेयरमैन सुरेश चौधरी एवं पूर्व मनोनीत पार्षद महेंद्र गौड़ समेत सैंकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने हाथों में भाजपा के झंडे ले रखे थे और नारेबाजी करती हुई अंबेडकर मूर्ति के पास पहुंची। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष एवं नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन भारती सैनी ने कहा कि केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश की सीएम मनोहर लाल सरकार की योजनाएं माताओं और बहनों पर केंद्रित है। व्यवस्था की चाभी महिलाओं को सौंपी जा रही है। उनके जीवन स्तर में बदलाव का काम किया जा रहा है। अब महिलाओं को ईलाज के लिए अपने जेवर बेचने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रुपये का निःशुल्क ईलाज मुहैया कराया जा रहा है।

इस मौके पर सरला यादव, कैलाशवती संघी, शकुंतला, सरोजबालाल, प्रेमलता, कुसुम, रवीना, सुमन, सुशीला पार्षद, कविता यादव, सोनम यादव पार्षद, कोमल दायमा, कमलेश यादव, सपना गुप्ता, सरोज कश्यप, शशिबाला, हुकमकौर, सुनीता शर्मा, महामंत्री भवानी राजपूत, आनंद मेहता एवं संजय अमन आदि मौजूद रही।

## करनाल में 17 मार्च को होने वाले ब्राह्मण अधिवेशन का दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। प्रधान दिनेश वैद्य को कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

ब्राह्मण खाप हरियाणा के तत्वाधान में करनाल में आयोजित होने वाले ब्राह्मण अधिवेशन का निमंत्रण दिया। ब्राह्मण खाप प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा सिरसल ने ब्राह्मण सभा के प्रधान दिनेश वैद्य को निमंत्रण देते हुए, समस्त ब्राह्मण समाज को इस ब्राह्मण अधिवेशन में आने का आग्रह किया। गौरतलब है कि ब्राह्मण खाप के तत्वधान में ब्राह्मण समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी पर खुली चर्चा के लिए 17 मार्च को करनाल के मंगल सैन ऑडिटोरियम में ब्राह्मण अधिवेशन आयोजित कर रहा है। इस अधिवेशन में आमंत्रित करने के लिए ब्राह्मण खाप हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा सिरसल ने ब्राह्मण सभा प्रधान दिनेश वैद्य के माध्यम से निमंत्रण देते हुए, जिले के ब्राह्मण समाज को अधिवेशन में आने का आग्रह किया। प्रधान दिनेश चंद्र वैद्य और सचिव मनोज गौत्तम ने जिले के समस्त ब्राह्मण समाज से अधिवेशन में पहुंचने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी पर चर्चा करने के लिए हरियाणा भर से ब्राह्मण समाज के लोग पधार रहे हैं। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में समाज के सभी बंधुओं से 17 मार्च को करनाल पहुंचने का आग्रह करते हैं। इस मौके पर मनोज कौशिक, सतीश लाटा, सुरेश शर्मा, कैलाश दत्त शास्त्री बीडीसी मेंबर, प्रदीप कौशिक, दीनदयाल शर्मा, विजय भारद्वाज, विश्वनाथ मिश्रा, सुभाष तिवारी, जितेंद्र शर्मा, नरेश, मातादीन व सत्यवीर शास्त्री उपस्थित रहे।